# मन में श्याम बसा है | by Atul Srigiri

मन में श्याम बसा है मन में श्याम बसेगा
मैं हूँ श्याम दीवाना जय श्री श्याम कहूंगा

खाटू की पावन गलियों में गूँज रहा जयकारा
हारे का भक्तों हैं बाबा श्याम ही एक सहारा
हाँ श्याम ही एक सहारा.........
हम सब मिलके गायें श्याम धणी की किरपा
मैं हूँ श्याम दीवाना जय श्री श्याम कहूंगा

श्याम धणी की जय जय बोलो हर एक कष्ट मिटेगा
तुम भी जय बाबा की बोलो मन को चैन मिलेगा
हाँ मन को चैन मिलेगा...........
तेरी महिमा न्यारी पूजे है नर नारी
मैं हूँ श्याम दीवाना जय श्री श्याम कहूंगा

श्याम नाम की मस्ती में है एक ऐसा जादू
तेरे बारे में ही सोचू होता मन बेकाबू
हाँ होता मन बेकाबू..........
देव दिनेश के ऊपर तू ही किरपा करता
मैं हूँ श्याम दीवाना जय श्री श्याम कहूंगा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%a8-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%ac%e0%a4%b8%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-atul-srigiri-2/